**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**07.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि किसी भी देश को महत्वपूर्ण खनिजों, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखलाओं का अपने स्वार्थ के लिए हथियार के रूप में उपयोग नहीं करना चाहिए। रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान संवाद सत्र में उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में लोगों की प्रगति और कल्याण काफी हद तक प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई पर निर्भर है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ए आई को मानवीय मूल्यों और क्षमता को बढ़ाने के माध्यम के रूप में देखता है।

**बैठक**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटना गंभीर चिंता का विषय है। आज शिमला में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की 9वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रदेश में बादल फटने की 19 घटनाएं हुई है, जिससे जान–माल का काफी नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा से प्रभावित परिवारों के पुर्नवास और राहत के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अवैज्ञानिक तरीके से दबाए जा रहे मलबे से हो रहे नुकसान को रोकने के लिए वैज्ञानिक प्रणाली अपनाने की ज़रूरत बताई। उन्होंने लोगों को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को नियमित मौसम संबंधी अपडेट प्रदान करने के निर्देश दिए।

**आपदा**

मण्डी ज़िले में प्राकृतिक आपदा से सराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग व अन्य इलाकों में भारी क्षति हुई है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि जहां बचाव दल राहत व पुनर्वास कार्यों में जुटे हुए हैं वहीं स्वास्थ्य विभाग भी पूरी मुस्तैदी से प्रभावित क्षेत्रों में सेवाएं दे रहा है। विभाग ने लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए 24 मोबाइल मैडिकल टीमें गठित की हैं। थुनाग उपमंडल के टिपरा गांव में आज स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें दवाईयां भी वितरित की।

**राजनाथ–विक्रम बत्रा**

वर्ष 1999 में करगिल युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले कैप्टन विक्रम बत्रा को उनकी पुण्यतिथि पर राष्ट्र आज श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैप्टन विक्रम बत्रा के

बलिदान का स्मरण करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि करगिल युद्ध के दौरान उनकी बहादुरी और बलिदान राष्ट्र की सेवा का एक शानदार उदाहरण है। कैप्टन विक्रम बत्रा ने वर्ष 1999 में करगिल युद्ध के दौरान अपनी कंपनी का नेतृत्व करते हुए रणनीतिक रूप से अदम्य साहस व वीरता का प्रदर्शन किया। इस दौरान वो गंभीर रूप से घायल हुए लेकिन उन्होंने हमला जारी रखा। कैप्टन बत्रा को मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया है।

**चंद्र कुमार**

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने आज ज्वाली उपमंडल के सभी अधिकारियों के साथ एक बैठक कर मॉनसून से निपटने की तैयारियों को लेकर ज़रूरी दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछले साल बरसात में ज्वाली, इंदौरा और फतेहपुर उपमंडलों में काफी नुकसान हुआ था और ऐसी घटनाओं की पुनरावृति रोकने के लिए सभी विभागों को सजग रहने को कहा।

**जगत सिंह**

उधर राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर ज़िले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में कोताही बरतने वाले ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए ताकि जिले में अधोसंचना विकास को गति मिल सके। जगत सिंह नेगी ने मॉनसून सीजन के दौरान आपदा प्रबंधन की सभी तैयारियां पूरी करने को भी कहा।

..........................................................................................................................................